संक्षिप्त

'लोकतंत्र के उत्सव में भागीदारी निभायें'

टोंक। कोई भी मतदाता विधानसभा चुनाव-2023 के दौरान मतदान करने से वंचित नहीं रहे। स्वयं मतदान करने के साथ अपने परिजनों एवं पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। देशलदान ने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि मतदान के जरिए लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी निभाएं। कोई भी मतदान से वंचित नहीं रहे, इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा। सतरंगी सप्ताह के तहत छठे दिन मंगलवार को महिला एवं बाल विकास की ओर से प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से पुलिस परेड ग्राउंड तक महिला रंगोली एवं महिला मार्च का कार्यक्रम होगा। विभाग की उपनिदेशक सरोज मीणा ने बताया कि इसमें महिला मतदाता, महिला कार्मिक एवंमहिला खिलाड़ी शामिल होंगी। इस दिन की थीम का रंग ऑरेंज रहेगा और स्लोगन 'वोट करूंगी, तभी तो बढ़ूंगी' होगा। सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन 22 नवंबर को सायं 4 बजे चतुर्भुज तालाब टोंक पर म्यूजिकल बैंड वादन एवं मतदाता शपथ का आयोजन किया जाएगा।

सांभर में कल राजे की सभा

सांभरझील, (निसं)। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बुधवार को सांभर में फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी व हैट्रिक विधायक निर्मल कुमावत के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से रामलीला रंगमंच पुरानी धान मंडी पर व्यवस्था को अंजाम देना शुरू कर दिया है। चुनावी सभा शाम 5:00 बजे होगी। सूत्रों के अनुसार सभा से पहले वसुंधरा राजे यहां से करीब 25 किलोमीटर दूर चौहान शासको की कुलदेवी मानी जाने वाली मां शाकंभरी के दरबार में जाएंगी जहां पर उनकी ओर से विधिवत पूजा अर्चना के बाद फिर चुनावी कार्यक्रम में शामिल होगी। राजे के आने की सूचना पर प्रशासन व पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है, वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश उत्साह दोगुना हो गया है।

मतदान की शपथ दिलाई

राजगढ़। मतदाता जागरूकता को लेकर निर्वाचन विभाग के स्वीप कार्यक्रम के तहत कन्या महाविद्यालय में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ के एल मीणा ने मतदान को लेकर छात्राओं को शपथ दिलाई। छात्राओं ने आठ समूह बनाकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी बाई समूह की भारती शर्मा, चांदनी शर्मा, कविता वर्मा, मुस्कान एवं पलक सेन,मदर टेरेसा समूह की पायल बेरवा, अंजलि, कविता, एवं आरती ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्वाचन विभाग के स्वीप कार्यक्रम के तहत प्राचार्य डॉक्टर के एल मीणा ने मतदान के साथ प्रक्रिया की जानकारी दी। प्राचार्य ने सभी छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डॉक्टर निर्मल एस के,डॉ राजेंद्र कुमार गोठवाल, डॉ कृतिका पारीक, डीआर नीरू मीणा एवं हरिओम मीणा ने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनोहर लाल एवं कमल यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

करंट से एक व्यक्ति की मौत

श्रीमाधोपुर। निकटववर्ती ग्राम कोलवा में ट्यूबवेल चलाते समय एक व्यक्ति को करंट लगने से मौत हो गई। शिवप्रसाद पुत्र भागीरथ मल यादव ट्यूबवेल चलते समय करंट लगने से घायल हो गया। जिसको निजी वाहन से घायल अवस्था मे चोमू के निजी अस्पताल मे करवाया भर्ती कराया जिसकी इलाज के दौरान हुई मौत हो गई। मृतक के भाई केलाश चंद ने बताया कि श्रीमाधोपुर पुलिस थाने मे प्राथमिकी करवाई दर्ज कराई है।

हादसे में एक घायल

श्रीमाधोपुर। ग्राम कल्याणपुर के पास अचानक सामने आए जानवर से बाइक सवार गंभीर घायल हो गया, वहीं राह चलते ग्रामीण ने मानवता का परिचय देते हुए बाइक सवार को श्रीमाधोपुर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कांग्रेस सरकार में हुए अपराध, घोटालों पर गरजे योगी

लालसोट। उपखंड मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के प्रत्याशी राम विला के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया गया। योगी आदित्यनाथ का पूरा संबोधन प्रदेश की कांग्रेस सरकार के समय में हुए घोटाले भ्रष्टाचार एवं बढ़ते अपराध सहित राष्ट्रीयकृत मुद्दों पर रहा।

सीएम योगी ने चुनावी सभा के संबोधन में कहा की पिछले पांच साल में राजस्थान में बहुत कुछ खोया है जो राजस्थान अपने शौर्य और पराक्रम के लिए जाना जाता था जो राजस्थानी भक्ति और शक्ति पराक्रम आन बान शान के लिए जाना करता था वह राजस्थान आज करहा रहा है। कही कन्हैया लाल की हत्या होती है कहीं पर बहू और बेटियों के साथ अत्याचार होते हैं राजस्थान भ्रष्टाचार क्राइम के लिए राजस्थान जाना जा रहा है राजस्थान में प्राचीन काल से शौर्य आदि के लिए विख्यात रहा है राजस्थान विकास ठप्प है भ्रष्टाचार बढ़ रहे हैं बेरोजगार बढ़ रहा है इंफ्रास्ट्रक्चर बिगड़ी स्थिति में है और बहू और बेटियां असुरक्षित स्थिति में पड़ी हुई है पिछले पांच साल में कांग्रेस के शासन ने राजस्थान को भ्रष्टाचार में वन नंबर कर दिया महिला अपराध में वन नंबर हो गया साइबर क्राइम में नंबर वन पर है डीजल वेट आदि में महंगाई से प्रदेश नंबर वन स्थिति पर है वहीं युवाओं पर कुठाराघात करने में पेपर लीक करने में नंबर वन हैं। मोदी जी के नेतृत्व में देश एक ताकतवर देश के रूप में तेजी से विकसित रहा है आज मोदी की वजह से देश का सम्मान पूरे विश्व में हो रहा है। जिस कांग्रेस की सरकार में सरहदे सुरक्षित नहीं थी आज मोदी के राज में घुसपैठ बंद है और हमारी सीमाएं भी सुरक्षित है अगर कोई देश भारत के प्रति दुस्साहस करेगा तो दुश्मन को उसकी मांद में मारने का साहस भी मोदी के राज में भारत देश रखता है। यह भारत नया भारत है समस्या का समाधान करने वाला भारत है आतंकवाद की समस्या कांग्रेस ने दी और समाधान भाजपा की मोदी सरकार ने दिया है समस्या नक्सलवाद की कांग्रेस ने दी समाधान मोदी सरकार ने दिया अराजकता कांग्रेस ने थी उसको स्वराज में बदलने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। अविश्वास सोनिया गांधी के समय से हुआ था उसको विश्वास मे बदलने का काम मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि हाईवे की कनेक्टिविटी किस तरह होनी चाहिए रोड कैसे जुड़ने चाहिए और देश का सड़कों से निर्माण कैसा होना चाहिए वह इन नो सालों में दिखाई दिया है।

कांग्रेस 55 वर्षों में कुछ नहीं कराई मोदी सरकार ने 9 साल में 12 करोड़ परिवार को शौचालय दे दिया 4 करोड़ गरीबों को फ्री मुफ्त आवास बना कर दे दिया 9 करोड़ 7 लाख गरीबों को फ्री में उज्ज्वला योजना के रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा दिए।

यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने लालसोट उपखंड मुख्यालय पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

- 'मोदी के शासन में देश का विश्व में गौरव बढ़ा है'
- आइडल आइकॉन के रूप में पहचान कायम

सेवादल कार्यकर्ताओं ने जनसम्पर्क किया

टोंक में सचिन पायलट के समर्थन में प्रभात फेरी निकाली।

टोंक। जिला कांग्रेस सेवादल की ओर से सेवादल जिलाध्यक्ष अब्दुल खालिक खान के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी सचिन पायलट के समर्थन में वार्ड नं. 9,10,11 में प्रभात फैरी निकाली गई और वहां के निवासियों को राजस्थान सरकार की ओर से दी जा रही योजनाओं के संबंध में, सचिन पायलट साहब के विकास कार्यों के बारे में मोहल्लेवासियों को डोर-टू-डोर बताया गया।

मोहल्लेवासियों को सचिन पायलट के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर मासूम भाई, इरशाद भाई, नईम भाई घड़ी वाले, मोतीलाल बैरवा, सुरेन्द्र रैगर, अरशद चिश्ती, जावेद चिश्ती, जहुर भाई, शबाना, शौकत कायमखानी, राजा, अफसाना, लालसिंह आदिवासी, अजमल प्रिया मोबाईल, अर्जुन लक्षकार, गोपाल साहू, नफीस टेलर, वहीदुद्दीन, मुस्कान, खुशनुमा, जुनेद, मासूम, नजर मोहम्मद, हामिद, आशु, फरदीन, सत्तू महावर, इमरान, शोऐब एडवोकेट, अतीका, रूखसाना आदि सेवादल कार्यकर्ताओं ने जनसम्पर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी सचिन पायलट को विजयी बनाने की अपील की।

'4 ओवर ऑल ड्यूटी' मजिस्ट्रेट नियुक्त

टोंक। विधानसभा चुनाव-2023 में मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित एवं भयमुक्त कर सके इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) डॉ. ओमप्रकाश बैरवा ने जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 4 ओवर ऑल ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि जिला परिषद के सीईओ देशलदान को देवली-उनियारा विधानसभा, राजस्व अपील अधिकारी उम्मेदी लाल मीणा को टोंक विधानसभा, भूमि अवाप्ति अधिकारी (पुनर्वास) बीसलपुर परियोजना देवली हरिताभ आदित्य को मालपुरा विधानसभा एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट मालपुरा अशोक त्यागी विधानसभा निवाई का ओवर ऑल मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि नियुक्त किए गए सभी ओवर ऑल मजिस्ट्रेट एरिया एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट से समन्वय स्थापित कर चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका होने की दशा में तत्काल अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करेंगे। सभी ओवर ऑल मजिस्ट्रेट 21 नवंबर को दोपहर 2 बजे कृषि ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित होंगे। 24 नवंबर को विधानसभा क्षेत्र उनियारा-देवली व मालपुरा में प्रातः 7 बजे एवं विधानसभा क्षेत्र टोंक व निवाई में प्रातः 11 बजे राजकीय महाविद्यालय टोंक में उपस्थित होकर आवंटित विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को उनकी देखरेख में रवाना करेंगे तथा 25 नवंबर को उनके विधानसभा क्षेत्र की समस्त ईवीएम मशीन जमा होने तक उपस्थित रहेंगे।

गायों को गुड़ खिलाया

टोंक। शहर के सेवा भावी अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा गोपाष्टमी के पावन पर्व पर स्थानीय गांधी गो शाला में विशाल गो सेवा का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी एवं शहर अध्यक्ष भगवान भण्डारी ने बताया इस अवसर पर गो वंश की 21000 रूपये की गुड़ की लापसी से गो सेवा की गई तथा कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याक्षी अजित मेहता का भव्य स्वागत किया गया। मेहता ने कहा कि टोंक की जनता ने जो प्यार स्नेह मुझे दिया है, उसका में जिंदगी भर कर्जदार रहूंगा। मेरा चौबीसों घण्टे प्रयास रहेगा कि में आपके हर सुख दुख खुशी गम में शामिल रहूं और यथाशक्ति आपकी सेवा कर सकू। इस अवसर पर गो सेवी अभय मल बम्ब, जिला प्रमुख सरोज बंसल, महेश बंसल दिल्ली से पधारे संघटन प्रतिनिधि रमेश गुप्ता युवा शहर महिला अध्यक्श रेखा जेंन, ममता अग्रवाल, रचना जेंन, टीना गट्टी, गीता खंडेलवाल, मोनिका इत्यादि मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी परसादी लाल मीणा ने जनसमर्थन मांगा

लालसोट (निस)। उपखंड मुख्यालय स्थित नगर पालिका क्षेत्र में लालसोट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पर प्रत्याशी परसादी लाल मीणा द्वारा शहरी क्षेत्र के वार्डों में जनसंपर्क कर जन समर्थन मांगा। कांग्रेस प्रत्याशी मीणा को जनसंपर्क के दौरान उनका फल फूलों आदि से तोलकर स्वागत सत्कार किया गया।

इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी मीणा द्वारा कई जगहों पर नुक्कड़ सभा भी आयोजित की गई इन नुक्कड सभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी मीणा ने कहा कि क्षेत्र में जो विकास इन पांच सालों में हुआ है वह कभी देखने को नहीं मिला है। कांग्रेस प्रत्याशी मीणा ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में पहली बार इतनी लंबी सड़कों का निर्माण हुआ है इससे लोगों का आवागमन सुगम होने के साथ नगरपालिका क्षेत्र में विकसित हुई जन सुविधा से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी मीणा ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान चलाकर कई वर्षों से खुद के मकान प्लाट भूखंड आदि पर मालिकाना दस्तावेजी हक के लिए तरस रहे लोगों को न्यूनतम दरों में पट्टे वितरित कर लाभांवित किया गया है। इस दौरान जनसंपर्क को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शहर वासियों को कांग्रेस सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं का लाभ देखकर लाभान्वित किया है। शहरी क्षेत्र में अब कोई भूखा नहीं सो सकता मात्र आठ रुपए में इंदिरा रसोइयों पर भरपेट भोजन खाने को मिलता है। जनसंपर्क कार्यक्रम को पहले का अध्यक्ष रक्षा मिश्रा द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से राज्यविका के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया गया है एवं महिलाओं को हर क्षेत्र में आरक्षण देकर पुरुषों के समक्ष खड़ा करने का कार्य किया है। इस जनसंपर्क के दौरान भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता वार्ड पर आमजन मौजूद रहे।

- कांग्रेस प्रत्याशी को फल-फूलों से तौल स्वागत सत्कार किया

नाकाबंदी के दौरान अवैध बजरी से भरी ट्रॉली जप्त

टोंक। बरोनी थाना अन्तर्गत नियुक्त नाका टीम ने अवैध बजरी परिवहन के मामले वृताधिकारी पीपलू इन्दु लोदी व थानाधिकारी ओमप्रकाश ने ग्राम नटवाडा में जिला स्तरीय बोर्डर पर नाकाबन्दी के दौरान दो ट्रेक्टर मय ट्रोली बजरी से भरे जप्त किये तथा वाहन चालाक व मालिको के विरूद्ध अभियोग दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

आम सूचना मेरे अभिभाष्यगण ओमप्रकाश मिश्रा पुत्र स्व. श्री नरोत्तम प्रसाद मिश्रा तथा श्रीमती दयारानी मिश्रा पत्नी श्री ओमप्रकाश मिश्रा निवासीयान प्लाट नंबर 1-ए, इन्द्रा विहार कॉलोनी, ब्रिन्दायका, जयपुर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र चेतनकुमार एव इसकी पत्नी रश्मि मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं है एवं ना ही इनके द्वारा मेरे अभिभाष्यगण की देखभाल, सेवा सुश्रुषा की जाती है। इसलिए मेरे अभिभाष्यगण के उक्त पुत्र चेतन कुमार एवं पुत्रवधु रश्मि को मेरे अभिभाष्यगण अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। आज के बाद इन दोनों का मेरे अभिभाष्यगण से व मेरे अभिभाष्यगण की चल अचल सम्पत्ति से किसी प्रकार का कोई संबंध व सरोकार नहीं रहेगा एवं जो भी व्यक्ति/संस्था उक्त चेतन कुमार एवं पुत्रवधु श्रीमती रश्मि से किसी भी प्रकार का संव्यवहार करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी एवं मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अतः सूचित रहे।
दिनांक-20.11.2023 रमेश चन्द जाजोरिया
एडवोकेट, मो. 9928344482

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति प्लॉट नम्बर 26 (क्षेत्रफल 151.00 वर्गगज), एवं सम्पत्ति प्लॉट नम्बर 27 (क्षेत्रफल 148.00 वर्गगज) श्री श्याम कुंज-ए, नांगल जैसा बोहरा बेनाड रोड, जयपुर राज. पर स्थित हैं। उक्त दोनों सम्पत्तियां सर्वप्रथम श्री मक्खन लाल शर्मा पुत्र स्व. श्री बोदूराम शर्मा को भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर (रजि. क्र. 3122-एल) को जरिये दो भिन्न भिन्न आवंटन पत्रों दिनांक 25.05.2000 द्वारा प्राप्त हुई। मक्खन लाल शर्मा के स्वर्गवास दिनांक 01.11.2020 के पश्चात उनकी पत्नी श्रीमती ललिता देवी, पुत्र राकेश शर्मा, घनश्याम शर्मा व पुत्री वर्षा शर्मा दोनों सम्पत्तियों के विधिक रूप से संयुक्त रूप, मालिक, स्वामी, अधिकारी काबिज हुए। तत्पश्चात श्रीमती ललिता देवी, राकेश शर्मा व वर्षा शर्मा द्वारा उक्त दोनों सम्पत्तियों में निहित अपने-अपने अविभाजित हिस्से का हक त्याग दिनांक 01.11.2022 को घनश्याम शर्मा पुत्र स्व. श्री मक्खन लाल शर्मा के पक्ष में किया गया, अब घनश्याम शर्मा दोनों सम्पत्तियों संपूर्ण पर मेरी अभिभाष्य वित्तीय संस्था Mahindra & Mahindra Financial Services Limited से ऋण ले रहे हैं, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।
दिनांक-20.11.2023 For Pertect Legal Counsel
Advocate, Perfect Legal Counsee
Add-216, 2nd Floor, Jaipur Tower, M.I. Road, Jaipur, Raj-302001 Mob. 8302042443

NAME CHANGE
I, Rajendra Singh Rathore S/o Bijai Singh Rathore, R/o 79 Yagdutt Nagar-1, Niwaru Road, Jhotwara, Jaipur, Rajasthan-302012. my daughter Anushka Rathore father name in school record R.S. Rathore is wrong recoreded. Correct father name is Rajendra Singh Rathore.

I, Army No. JC-491612W Virendra Singh S/o Sube Singh R/o 541/16 Gali No. 09, Behind Jat Vidhayalya, Rishi Nagar, Kaithal, Haryana 136027. In army service record my Daughter PRIYA Date of Birth 23.09.2001 is wrongly recorded. Correct Date of Birth is 18.09.2001 Vide Affidavit BR 770717 Dated 20.11.2023

I have changed my name from Usha Devi Suresh Kumar Khetan to Usha Khetan R/o- Flat No-A1205, Manglam, Aroma, Patrakar Colony, Dholai, mansarovar, Jaipur for future purposes

प्रत्येक बूथ पर स्काउट गाइड करेंगे मतदान में सहयोग

मंडावरी। कस्बे के राजकीय विद्यालय में विधानसभा चुनाव में मतदान में सहयोग करने वाले वॉलिंटियर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण लेने वाले वालंटियर स्काउट गाइड प्रत्येक बूथ पर दो की संख्या में आने वाले मतदाताओं को मतदान के लिए सहायता करेंगे।

वॉलिंटियर्स प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण ले रहे स्काउट गाइड को मतदान दिवस के दौरान आने वाले मतदाताओं को किस तरह मदद करनी है एवं मतदान बूथों तक पहुंचने में किस प्रकार से सहायता करनी है इसकी विस्तृत जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से दी गई। रिटर्निंग अधिकारी नरेंद्र मीना के निर्देशानुसार मंडावरी में स्काउट गाइड वॉलिंटियर्स ट्रेनिंग आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीबीईओ विनोद नौनिहाल ने दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य प्रशिक्षक स्काउट सचिव श्रीकांत शर्मा ने वॉलिंटियर्स को उनके मुख्य कर्तव्यों के बारे में बताया, उन्होंने कहा की स्काउट गाइड मतदान केंद्र पर दिव्यांग, वृद्धजन,गर्भवती महिला, बीमार आदि अन्य मतदाताओं की मतदान करने में मदद करेंगे। ये सभी स्काउट गाइड प्रत्येक बूथ पर लगेंगे, मंडावरी, खुर्रा, किशोरपुरा, पट्टी किशोरपुरा, सूरतपुरा, बिलोना खुर्द, महारिया, बगड़ी, कल्याणपुरा, कांकरिया, खानपुर, खेड़ला खुर्द, डीवांचली, किशनपुरा, टोडा ठेकला पंचायत के बूथों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन गोपाल लाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर स्काउट प्रभारी हरकेश सैनी, बाबूलाल शर्मा, केशवमणि शर्मा, प्रकाश सैनी, बीएलओ बृजेश गौतम,राजमोहन मीना, नेमीचंद मीना, कसीम अहमद, कार्यवाहक प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश शर्मा रहे।

- प्रशिक्षण में मतदान बूथों तक विकलांग, वृद्धों को पहुंचाने में मदद किस प्रकार की जाये यह बताया

सड़क दुर्घटना में युवती की मौत

लालसोट। थाना क्षेत्र झापदा के रामसिंहपुरा मोड पर सोमवार को दोपहर एक पिकअप द्वारा तेज गति लापरवाही से चलते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार देने से मोटरसाइकिल पर सवार एक युवती खुशी बैरवा की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार युवती बाइक पर सवार होकर श्यामपुरा बालाजी के पास राम सिंह पुरा मॉड से गुजर रही थी इसी दौरान एक तेज गति एवं नियंत्रित चलाई पिकअप द्वारा मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया गया। टक्कर के दौरान मोटरसाइकिल से उछलकर ऊटी सड़क पर गिरी एवं पिकअप युवती को कुचलती हुई आगे की ओर निकल गई दुर्घटना इतनी भयंकर थी की युवती पिकअप के नीचे आ जाने से दर्दनाक हादसे में युक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर झापदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को लालसोट स्थित मोर्चरी लाया गया मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं थाना अधिकारी रघुवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में मौत हुई खुशी के परिजनों द्वारा पिकअप चालक के खिलाफ तेज गति में नियंत्रित से होकर टक्कर मार देने से मौत होने का परिवाद दिया गया है। वही पिकअप चालक मौका पाकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा है उसकी तलाश की जा रही है।

- पिकअप चालक मौके से हुआ फरार

खोया पाया
प्लाट नं. ए-145, सूर्यनगर, मुरलीरा स्कीम, जयपुर के मूल दस्तावेज जिनमें- सोसायटी अलॉटमेन्ट लैटर, साईट प्लान, रसीद, रजिस्टर्ड उपहार-पत्र जो कि विक्रम सिंह पुत्र बलजोर सिंह के नाम जारी था, मुरलीपुरा से बिरला मंदिर, जयपुर के रास्ते में कहीं गिर गये हैं। कृपया मिलने पर सूचित करें, विक्रम सिंह-9829331691

आम सूचनाः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय सम्पत्ति प्लाट नम्बर 10, गजानन्द विहार, मोनवाला, रिंग्सी रोड, जयपुर में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 128 वर्गगज है। उक्त वर्णित सम्पत्ति सर्वप्रथम श्री महावीर स्वामी गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर द्वारा श्री मनोज सिंह को जरिये आवंटन पत्र दिनांक 18.01.1996 के द्वारा आवंटित किया गया था। तत्पश्चात श्री मनोज सिंह ने उक्त वर्णित प्लाट जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र लिखा हुआ दिनांक 25.02.2013 के द्वारा श्रीमती गंगा देवी को विक्रय कर दिया। तत्पश्चात श्रीमती गंगा देवी ने उक्त वर्णित प्लाट जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र लिखा हुआ दि. 27.09.2023 के द्वारा श्री सुन्दर लाल पुत्र श्री लखमीनारायण को विक्रय कर दिया। उक्त प्लाट की मूल दस्तावेजों में से मूल विक्रय पत्र दिनांक 25.02.2013 श्रीमती गंगा देवी से कहीं गुम ने गया है। उक्त वर्णित प्लाट को बंधक रखा श्री सुन्दर लाल द्वारा मेसर्ज अनिमाध्य डिजायनेर्स प्राईवेट लिमिटेड बैंक लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। उक्त ऋण के बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी को भी किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो अण्डर सिग्नेट 07 दिवस तथा साक्ष्य सहपर्क करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधिनुसार शून्य होगी।
भवदीयः निर्माण शर्मा, एडवोकेट, पताः 204, सैफिफ्थ फ्लोर, जवाहर टावर, मालवीय मार्ग, बनीपार्क, जयपुर मो. 9828126100

आम सूचना
मेरे अभिभाष्य श्री हरिमोहन शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री रामजीलाल शर्मा के स्वामित्व का प्लॉट नम्बर 230/65 प्रताप नगर, जयपुर तथा श्रीमती सरोज शर्मा पत्नी श्री हरिमोहन शर्मा के स्वामित्व का प्लॉट नम्बर 9, तारानगर (गोल्डन डोम्स, गेट नम्बर 2 के सामने), जगतपुरा जयपुर में स्थित है।
यह कि मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र मयंक दत्तात्रेय पुत्र श्री हरिमोहन शर्मा तथा पुत्रवधू श्रीमती विजयलता शर्मा पत्नी मयंक दत्तात्रेय मेरे अभिभाष्यगण के कहे में नहीं रहते हैं। जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण अपने उक्त पुत्र मयंक दत्तात्रेय एवं पुत्रवधू श्रीमती विजयलता शर्मा को चल-अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते हैं। आज से उक्त दोनों का मेरे अभिभाष्यगण का मेरे अभिभाष्यगण की सम्पत्तियों से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। मेरे अभिभाष्यगण के उक्त पुत्र-पुत्रवधू हमारी ओर से कोई लेनदेन-संव्यवहार नहीं कर सकेंगे ना इन दोनों से कोई व्यक्ति कोई संव्यवहार करें। यदि कोई व्यक्ति इन दोनों से कोई संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
जयपुर : (वीरेन्द्र सिंह चौधरी)
दिनांक : 20.11.2023 एडवोकेट

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
मुकदमा नम्बर 280/2023
चूंकि हरि प्रकाश पुत्र श्री भगतराम निवासी वार्ड नं. 8 ठाकुर जी के मन्दिर के पास रणजीतपुरा 7 आर. पी-बी मोहनमगरिया जिला हनुमानगढ़ राज. 335524 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रेक्षा एक आशा विला नं. 78 लता नगर, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा जयपुर 302012 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिएयह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णत किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 17.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहन के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 22.01.2024
आकाश रंजन (आर ए एस)
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिक्री के
(ओ. 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-3 जयपुर महानगर द्वितीय
सुरेन्द्र सिंह बनाम हथरोईगढी गृह नि.स. समिति
डिग्री बाबत निष्पादन
मुकदमा नम्बर 332 सन् 2021
बनाम-
मुसम्मी हथरोई गढी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जरिये कौम...साकिन अध्यक्ष श्री नवल किशोर शर्मा पुत्र श्री गेंदीलाल शर्मा साकिन डी-20, मीरा मार्ग, बनीपार्क, जयपुर चूंकि 30.09.2009 ने डिग्री अदालत पंच निर्णायक एवं अतिरिक्त निदेशक राजस्थान मवर्खे...व मुकदमे नम्बर....सन्... की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में....05 वार 12 तारीख 23 माह... को हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजराय किये जाने डिग्री रखते हों तो पेश करों।
आज ब तारीख 17.11.2023 बसख्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के जारी किया गया।
अपर सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट संख्या-03
मोहर अदालत
जयपुर महानगर द्वितीय

'डबल इंजन की सरकार बनने से विकास और खुशहाली के नए आयाम खुलेंगे'

सांभरझील, (निसं)। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी सत्ता पर काबिज होगी और डबल इंजन की सरकार बनने से विकास और खुशहाली के नए आयाम खुलेंगे।

यह कहना है फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी निर्मल कुमावत का। विधानसभा क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायत में लगातार सघन जन संपर्क कर सभा को संबोधित करते हुए ग्रामीणों से कहा कि इसकी सरकार पूरी तरह से ऐसे आवेदनशील हो गई है। कांग्रेस के शासन में युवा, किसान, महिला सभी वर्गों के लोग आहट और त्रस्त है।

स्थानीय स्तर पर नगर पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। सत्ता के नशे में चूर इन लोगों ने आमजन का हर प्रकार से शोषण किया है। आगामी 25 तारीख को प्रदेश में भाजपा को प्रचंड बहुमत देने के लिए क्षेत्र के मतदाता मन बना चुके हैं। पारदर्शी, भ्रष्टाचार मुक्त, विकास के नए आयाम, युवाओं के बेहतर भविष्य, महिलाओं के लिए हर तरीके से सुरक्षा भाजपा के शासन में ही मिल सकती है इसलि